# भारत-नेपाल सीमा विवाद सुलझेगा

## नेपाल पीएम बालेन शाह का बड़ा बयान, सीमा विवाद पर नया खुलासा

**काठमांडू, 31 मई. नेपाल के प्रधानमंत्री बालेन शाह ने रविवार को संसद में अपने पहले संबोधन के दौरान भारत-नेपाल सीमा विवाद को लेकर महत्वपूर्ण टिप्पणी की.उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री बनने के बाद उन्हें ऐसी जानकारी मिली है कि केवल भारत ने ही नेपाल की भूमि पर कब्जा नहीं किया, बल्कि नेपाल की ओर से भी कुछ भारतीय क्षेत्रों पर कब्जा किया गया है.**

उन्होंने कहा कि इस विषय की संयुक्त रूप से जांच की जानी चाहिए ताकि वास्तविक स्थिति स्पष्ट हो सके। संसद में सांसदों के सवालों का जवाब देते हुए शाह ने कहा कि सीमा से जुड़े मुद्दों का समाधान संवाद और कूटनीतिक प्रयासों के माध्यम से निकाला जाना चाहिए.उन्होंने विशेष रूप से लिपुलेख, कालापानी और लिम्पियाधुरा से जुड़े विवादों का



उल्लेख करते हुए कहा कि नेपाल ने इस संबंध में भारत को राजनयिक नोट भेजा था, जिसका जवाब भी प्राप्त हो चुका है। प्रधानमंत्री ने कहा कि लिपुलेख विवाद की ऐतिहासिक पृष्ठभूमि ब्रिटिश भारत के दौर से जुड़ी हुई है.इसी कारण नेपाल ने इस विषय पर केवल भारत और चीन से ही नहीं, बल्कि ब्रिटेन से भी बातचीत की है.उनका कहना था कि इस जटिल मुद्दे के समाधान के लिए सभी ऐतिहासिक और कूटनीतिक पहलुओं को ध्यान में रखना आवश्यक है। मार्च 2026 में प्रधानमंत्री बनने के बाद यह पहला अवसर था जब बालेन शाह ने संसद को संबोधित किया. विपक्ष लंबे समय से मांग कर रहा था कि प्रधानमंत्री संसद में आकर देश के प्रमुख मुद्दों पर सरकार का पक्ष रखें।

**बालेन शाह की बड़ी बात**

1. प्रधानमंत्री बनने के बाद पहली बार संसद में बोले बालेन शाह।
2. कहा- केवल भारत ही नहीं, नेपाल ने भी कुछ भारतीय क्षेत्रों पर कब्जा किया।
3. सीमा विवाद की संयुक्त जांच की वकालत की।
4. लिपुलेख मुद्दे पर भारत को भेजे गए राजनयिक नोट का जिक्र।
5. ब्रिटेन से भी बातचीत करने का दावा किया।
6. विवाद के समाधान के लिए कूटनीतिक वार्ता पर जोर दिया।



## रक्षा संवाद की सह अध्यक्षता करेंगे राजनाथ

**नई दिल्ली 31 मई.** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और ऑस्ट्रेलिया के उप प्रधानमंत्री एवं रक्षा मंत्री रिचर्ड मार्ल्स सोमवार को यहां भारत-ऑस्ट्रेलिया रक्षा मंत्रियों के दूसरे संवाद की सह-अध्यक्षता करेंगे. रक्षा मंत्रालय ने रविवार को बताया कि संवाद के दौरान दोनों देशों के नेता द्विपक्षीय रक्षा सहयोग की प्रगति की समीक्षा करेंगे तथा सहयोग के नए अवसरों की पहचान की जाएगी। इस दौरान रक्षा एवं सुरक्षा सहयोग को सुदृढ़ करने, सैन्य अंतर संचालनीयता को बढ़ाने, उद्योगों के बीच सहयोग को प्रोत्साहित करने, जिसमें सह-विकास और सह-उत्पादन के अवसरों तथा पारस्परिक रुचि के क्षेत्रीय एवं वैश्विक सुरक्षा संबंधी विषयों पर प्रमुखता से चर्चा की जायेगी.

# पूरी अंतरात्मा से उतरें खेतों में : शिवराज

- 1 जून से रायसेन से शुरू होगा 'खेत बचाओ अभियान
- धरती मां को बचाने का राष्ट्रीय संकल्प

**नई दिल्ली/भोपाल/रायसेन, 31 मई. एक जून को मध्य प्रदेश के रायसेन जिले से होने वाले 'खेत बचाओ अभियान' के राष्ट्रीय शुभारंभ से पूर्व, केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण तथा ग्रामीण विकास मंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने आज देशभर के कृषि विज्ञान केंद्रों, आईसीएआर संस्थानों, कृषि विश्वविद्यालयों, केंद्र एवं राज्य सरकारों के वरिष्ठ कृषि अधिकारियों तथा किसान हित में कार्यरत साथियों से वर्चुअल संवाद कर अभियान को जनभागीदारी, वैज्ञानिक दृष्टि और राष्ट्रीय दायित्व के साथ आगे बढ़ाने का आह्वान किया.**

शिवराज सिंह ने इस महत्वपूर्ण अभियान में शामिल होने के लिए सभी राज्यों के मुख्यमंत्रियों से फोन पर चर्चा की है, वहीं वे केंद्रीय मंत्रियों और अन्य सभी जनप्रतिनिधियों से भी सहभागिता की अपील कर रहे हैं. इस अवसर पर केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने अपने प्रेरक संबोधन में कहा कि यह केवल एक सरकारी कार्यक्रम नहीं, बल्कि धरती मां को बचाने, खेती का भविष्य सुरक्षित करने और आने वाली पीढ़ियों के अधिकारों की रक्षा करने का राष्ट्रीय अभियान है.

उन्होंने कहा कि बढ़ता तापमान, रासायनिक उर्वरकों और कीटनाशकों का असंतुलित उपयोग, मिट्टी के स्वास्थ्य में गिरावट और बदलते जलवायु संकट खेती के सामने गंभीर चुनौती बनकर खड़े हैं, इसलिए समय रहते व्यापक जागरूकता और व्यवहारिक हस्तक्षेप आवश्यक है. केंद्रीय मंत्री श्री चौहान ने कहा कि देशभर में 30 जून तक का विस्तृत रोडमैप तैयार किया जाए, जिसमें यह स्पष्ट हो कि कौन अधिकारी, वैज्ञानिक, संस्थान या टीम किस तिथि को किस गाँव में जाएगी.



श्री चौहान ने बताया कि 1 जून को रायसेन जिले के रामसिया गांव से प्रारंभ हो रहा राष्ट्रव्यापी 'खेत बचाओ अभियान' किसानों को संतुलित उर्वरक उपयोग, मिट्टी परीक्षण, सॉयल हेल्थ कार्ड, प्राकृतिक खेती, फसल चयन, जल संरक्षण, हरी खाद, कम वर्षा की स्थिति में वैकल्पिक कृषि पद्धतियों तथा नकली खाद-बीज और पेस्टिसाइड की पहचान जैसे विषयों पर जागरूक करेगा। उन्होंने जोर देकर कहा कि केवल सलाह देना पर्याप्त नहीं होगा, बल्कि खेत स्तर पर डेमो, वैज्ञानिक प्रमाण और व्यवहारिक उदाहरणों के माध्यम से किसानों का विश्वास मजबूत करना होगा.

## बंगाल में 11 टीएमसी नेता गिरफ्तार

**हुगली, 31 मई।** तृणमूल कांग्रेस के महासचिव अभिषेक बनर्जी पर हुए हमले के विरोध में स ?क जाम करने के मामले में चिंसूरा पुलिस ने पार्टी के पूर्व विधान पार्षद असित मजूमदार सहित पार्टी के 11 नेताओं और कार्यकर्ताओं को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार किये गये लोगों में हुगली-चिंसूरा नगरपालिका के महापौर सौमित्र घोष, उपमहापौर पार्थ साहा, कई पार्षद और अन्य तृणमूल नेता शामिल हैं. श्री बनर्जी पर शनिवार को हुए हमले के विरोध में चिंसूरा के पीपुलपाटी चौराहे पर तृणमूल का सड़क जाम कार्यक्रम आयोजित हुआ था, जिसका नेतृत्व श्री मजूमदार ने किया था.

# सूर्या हत्याकांड का मुख्य आरोपी असद ढेर

**गाजियाबाद, 31 मई. खोड़ा थाना क्षेत्र के चर्चित सूर्या चौहान हत्याकांड में पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए मुख्य आरोपी असद को मुठभेड़ में मार गिराया है.इंदिरापुरम और खोड़ा थाना पुलिस की संयुक्त टीम ने रविवार को यह कार्रवाई की.**

पुलिस के अनुसार आरोपी असद लंबे समय से फरार चल रहा था और उसकी तलाश में लगातार दबिश दी जा रही थी.जानकारी के मुताबिक पुलिस को सूचना मिली थी कि असद इंदिरापुरम क्षेत्र में आने वाला है. इसके बाद पुलिस ने घेराबंदी कर उसे रोकने का प्रयास किया पुलिस टीम को देखते ही आरोपी ने फायरिंग शुरू कर दी.

जवाबी कार्रवाई में पुलिस की गोली लगने से असद गंभीर रूप से घायल हो गया.उसे अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया.मुठभेड़ के दौरान एक पुलिसकर्मी को भी गोली लगी, जिसका इलाज जारी है.बता दें कि 28 मई को खोड़ा के नवनीत विहार इलाके में 17 वर्षीय सूर्या चौहान पर चाकुओं से ताबड़तोड़ हमला किया गया था.

## ओडिशा, मिजोरम, सिक्किम एवं मणिपुर में एसआईआर शुरू

**नई दिल्ली, 31 मई.** चुनाव आयोग ने ओडिशा, मिजोरम, सिक्किम और मणिपुर में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) प्रक्रिया के तीसरे चरण के तहत गणना चरण शुरू कर दिया है. इन चार राज्यों में यह अभियान 30 मई से शुरू हो चुका है. जिन पात्र मतदाताओं के फॉर्म 28 जून या उससे पहले अधिकारी के पास जमा हो जाएंगे, उनके नाम प्रारूप मतदाता सूची में शामिल किये जाएंगे. जो लोग इस तारीख तक फॉर्म जमा नहीं कर पाएंगे, वे बाद में दावा और आपत्ति अवधि के दौरान फॉर्म 6 के जरिए आवेदन कर सकते हैं.

# धामी ने बालिकाओं के साथ सुनी प्रधानमंत्री के मन की बात

**देहरादून, 31 मई. उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने रविवार को अपने आवास में नेताजी सुभाष चन्द्र बोस आवासीय बालिका छात्रावास की बालिकाओं के साथ प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मन की बात के 134वें संस्करण को सुना.**

उन्होंने कहा कि मन की बात कार्यक्रम देशवासियों को प्रेरित करने वाला एक सशक्त माध्यम बन गया है. प्रधानमंत्री विभिन्न क्षेत्रों की प्रेरणादायक कहानियों को साझा कर, अन्य लोगों को भी जनहित के कार्यों के लिए प्रेरित करते हैं. उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री द्वारा आत्मनिर्भर भारत,



पर्यावरण संरक्षण, स्वच्छता, नवाचार, स्थानीय उत्पादों को प्रोत्साहन तथा सामाजिक सरोकारों से जुड़े विषयों पर निरंतर दिए जा रहे संदेश, समाज में सकारात्मक परिवर्तन का आधार बन रहे हैं. मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री की प्रेरणा से उत्तराखंड में भी कई ऐसे लोग हैं, जो अपने कार्यों से समाज में बड़े-बड़े परिवर्तन ला रहे हैं. उन्होंने कहा राज्य सरकार ऐसे लोगों को प्रोत्साहित करने का कार्य भी कर रही है. उन्होंने कहा कि कार्यक्रम में आज प्रधानमंत्री ने भीषण गर्मी के मौसम में स्वास्थ्य का विशेष ध्यान रखने और गर्मी से बचाव के लिए आवश्यक उपाय अपनाने का आह्वान किया. उन्होंने देशी एवं पारंपरिक पेयों को बढ़ावा देने पर जोर देते हुए आम सहित भारतीय फलों की विशेषताओं का उल्लेख भी किया.

श्री धामी ने मन की बात कार्यक्रम के उपरांत नेताजी सुभाष चन्द्र बोस आवासीय बालिका छात्रावास की छात्राओं से संवाद किया. इस दौरान उन्होंने छात्राओं से कार्यक्रम के संबंध में फीडबैक प्राप्त किया और उनके विचार जाने. उन्होंने कहा कि पढ़ाई के साथ-साथ खेलकूद एवं अपनी रुचि के अन्य क्षेत्रों में भी सक्रिय भागीदारी करनी चाहिए. उन्होंने कहा कि जीवन में छोटे-छोटे सकारात्मक परिवर्तन बड़े बदलावों का आधार बनते हैं.

### एक नजर में



## एडमिरल स्वामीनाथन ने नौसेना प्रमुख का कार्यभार संभाला

**नई दिल्ली 31 मई.** एडमिरल कृष्ण स्वामीनाथन ने रविवार को यहां 27वें नौसेना प्रमुख का कार्यभार ग्रहण किया. उन्होंने एडमिरल दिनेश कुमार त्रिपाठी का स्थान लिया जो 41 वर्षों की विशिष्ट सेवा के बाद सेवानिवृत्त हुए. एडमिरल स्वामीनाथन को एक जुलाई 1987 को भारतीय नौसेना में कमीशन मिला था. संचार एवं इलेक्ट्रॉनिक युद्धकला विशेषज्ञ के रूप में उन्होंने लगभग चार दशकों के विशिष्ट सैन्य जीवन में अनेक परिचालन, स्टाफ तथा प्रशिक्षण संबंधी नियुक्तियों पर कार्य किया है. एडमिरल स्वामीनाथन की समुद्री कमानों में निर्देशित प्रक्षेपास्त्र पोत आईएनएस विद्युत और आईएनएस विनाश, निर्देशित प्रक्षेपास्त्र कार्वेट ,आईएनएस कुलिश, निर्देशित प्रक्षेपास्त्र विध्वंसक आईएनएस मैसूर तथा विमानवाहक पोत आईएनएस विक्रमादित्य शामिल हैं.

## फ्रांस में हिंसक झड़पों में 400 लोग गिरफ्तार

**पेरिस 31 मई.** फ्रांस में फुटबॉल प्रशंसकों और पुलिस के बीच हुई झड़पों में 400 से ज़्यादा लोगों को गिरफ़्तार किया गया है. पुस्कास एरिना में खेले गए चैंपियंस लीग के फाइनल में पेरिस सेंट-जर्मेन (पीएसजी) ने आर्सेनल को पेनाल्टी शूटआउट में हरा दिया. इसके बाद शनिवार को देर रात जश्न के दौरान जश्न के दौरान हिंसा भड़क गई .बीबीसी की रिपोर्ट के अनुसार राजधानी पेरिस में बस, ट्रेन और रेल सेवाओं को बाधित करने वाली अशांति को रोकने के लिए हज़ारों पुलिसकर्मियों को तैनात किया गया था .आतिशबाजी और फ्लेयर्स जलाए गये . इस झड़प में कई पुलिस अधिकारी घायल हो गये .शहर के बीचों-बीच भीड़ को तितर-बितर करने के लिए पुलिस ने आंसू गैस के गोले छोड़े .

## आईबी अफसर बन धमकाते रहे आप नेता, दो गिरफ्तार

**वडोदरा, 31 मई.** गुजरात में आम आदमी पार्टी के भीतर कथित गुटबाजी और राजनीतिक प्रतिद्वंद्विता का मामला अब पुलिस कार्रवाई तक पहुंच गया है .आणंद साइबर क्राइम पुलिस ने वडोदरा शहर इकाई के अध्यक्ष अशोक ओझा और नितिन डोबरिया को गिरफ्तार किया है .दोनों पर आरोप है कि उन्होंने खुद को इंटेलिजेंस ब्यूरो का अधिकारी बताकर पार्टी के कार्यकर्ताओं को धमकाया और मानसिक दबाव बनाने की कोशिश की . मामले की शुरुआत तब हुई जब आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ नेता दुर्गेश पाठक ने सोशल मीडिया पर दावा किया कि गुजरात में पार्टी कार्यकर्ताओं को ऐसे लोगों के फोन आ रहे हैं जो खुद को आईबी अधिकारी बताकर पूछताछ और सत्यापन के नाम पर डराने का प्रयास कर रहे हैं .

## पटना एयरपोर्ट पर बैग से मिले 7 कारतूस

**पटना, 31 मई.** बिहार की राजधानी पटना स्थित जयप्रकाश नारायण अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर शनिवार को सुरक्षा जांच के दौरान एक यात्री के बैग से सात जिंदा कारतूस बरामद होने के बाद सुरक्षा एजेंसियों में हड़कंप मच गया. मुंबई जाने वाली फ्लाइट में सवार होने की तैयारी कर रहे यात्री को सीआईएसएफ के जवानों ने चेकिंग के दौरान पकड़ लिया. जानकारी के अनुसार गिरफ्तार यात्री की पहचान महाराष्ट्र के पुणे निवासी संतोष तिवारी के रूप में हुई है.

# ईरान से अच्छे समझौते के करीब अमेरिका

**वाशिंगटन, 31 मई. अमेरिका राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा है कि अमेरिका ईरान के साथ एक बहुत अच्छे समझौते के करीब पहुंच रहा है, लेकिन अगर ऐसा नहीं हुआ, तो अमेरिका सैन्य कार्रवाई पर लौट आएगा.**

श्री ट्रम्प ने फॉक्स न्यूज को दिये साक्षात्कार में कहा कि अगर आप जल्दबाजी करेंगे, तो आप कोई अच्छा समझौता नहीं कर पाएंगे.मुझे लगता है कि धीरे-धीरे लेकिन निश्चित रूप से हम वह पा रहे हैं जो हम चाहते हैं.अगर हमें वह नहीं मिला जो हम चाहते हैं, तो



हम इसे एक अलग तरीके से खत्म करेंगे. इस बीच, तस्नीम समाचार एजेंसी ने बताया कि ईरान के इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स (आईआरजीसी) ने दावा किया कि उसने रविवार सुबह देश के क्षेत्रीय जल क्षेत्र के ऊपर एक अमेरिकी एमक्यू-1 प्रीडेटर मल्टी-रोल ड्रोन का पता लगाया और उसे मार गिराया.एजेंसी ने आईआरजीसी के बयान का हवाला देते हुए कहा कि आज सुबह-सवेरे एक अमेरिकी सेना का एमक्यू1 ड्रोन ईरानी क्षेत्रीय जल क्षेत्र में घुस आया था, लेकिन तुरंत उसका पता चल गया और आईआरजीसी के हवाई रक्षा प्रणाली से दागी गयीं मिसाइलों से उसे मार गिराया गया।

# बंगाल मंत्रिमंडल विस्तार में आज 35 मंत्री लेंगे शपथ

- नबान्न में सुबह 11 बजे होगा शपथ ग्रहण समारोह
- नए चेहरों को मिल सकती है अहम जिम्मेदारी

**कोलकाता, 31 मई. पश्चिम बंगाल में मंत्रिपरिषद विस्तार को लेकर राजनीतिक सरगर्मियां तेज हो गई हैं. मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी ने घोषणा की है कि राज्य सरकार के 35 मंत्री सोमवार, 1 जून को शपथ ग्रहण करेंगे.**

यह समारोह राज्य सचिवालय नबान्न में सुबह 11 बजे आयोजित किया जाएगा, जहां राज्यपाल आर. एन. रवि मंत्रियों को पद और गोपनीयता की शपथ दिलाएंगे. मुख्यमंत्री ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर इसकी जानकारी देते हुए कहा कि जनता के जनादेश से बनी सरकार अब पूर्ण मंत्रिपरिषद के गठन की दिशा में आगे बढ़ रही है। उन्होंने इसे राज्य के प्रशासनिक ढांचे को मजबूत करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बताया. मंत्रिमंडल विस्तार के बाद विभिन्न विभागों का बंटवारा किया जाएगा. हालांकि सरकार की ओर से अभी तक यह स्पष्ट नहीं किया गया है कि किस मंत्री को कौन-सा विभाग मिलेगा. राजनीतिक गलियारों में इस बात को लेकर चर्चा तेज है कि कई नए चेहरों को पहली बार मंत्री बनने का अवसर मिल सकता है. राजनीतिक जानकारों की नजर अब मंत्रियों की सूची और विभागों के आवंटन पर टिकी हुई है. माना जा रहा है कि नई टीम के गठन के बाद सरकार विकास, प्रशासन और जनकल्याण से जुड़े मुद्दों पर तेजी से काम शुरू करेगी।

# मैं मां को देखना चाहता हूं... छलका दर्द

- परिजनों की तलाश में पहुंचे लोगों का दर्द आया सामने
- जेसीबी से हटाया जा रहा मलबा, बचाव अभियान जारी

**नई दिल्ली, 31 मई. दक्षिण दिल्ली के साकेत स्थित सैदुलाजाब इलाके में शनिवार शाम एक पांच मंजिला इमारत ढह जाने से बड़ा हादसा हो गया. शाम करीब पौने आठ बजे हुई इस घटना के बाद पूरे क्षेत्र में अफरा-तफरी मच गई.**

सूचना मिलते ही पुलिस, फायर ब्रिगेड, एनडीआरएफ और जिला आपदा प्रबंधन की टीमें मौके पर पहुंच गईं और तत्काल राहत एवं बचाव अभियान शुरू किया गया. प्रशासन के अनुसार मलबे से अब तक कई लोगों को सुरक्षित बाहर निकाला जा चुका है, जबकि कुछ लोगों के अब भी फंसे होने की आशंका बनी हुई है. बचाव दल जेसीबी मशीनों और अन्य उपकरणों की मदद से मलबा हटाने का काम लगातार कर रहा है. मौके पर बड़ी संख्या में एंबुलेंस और आपातकालीन सेवाओं को भी तैनात किया गया है. हादसे के बाद अपने परिजनों की तलाश में पहुंचे लोगों का दर्द भी सामने आया. कई परिजन अपनों की जानकारी पाने के लिए घंटों तक घटनास्थल पर डटे रहे. एक युवक ने भावुक होकर कहा कि वह अपनी मां को देखना चाहता है, लेकिन उसे आगे जाने की अनुमति नहीं दी जा रही है. परिजनों ने राहत कार्य और सूचना व्यवस्था को लेकर भी चिंता जताई। अधिकारियों के मुताबिक ढही हुई पुरानी इमारत का मलबा पास की दूसरी इमारत पर भी गिरा, जिससे नुकसान बढ़ गया. प्रारंभिक जानकारी में यह भी सामने आया है कि प्रभावित क्षेत्र में मेडिकल छात्रों के लिए एक कैंटीन संचालित की जा रही थी, जिसके चलते वहां लोगों की मौजूदगी की आशंका अधिक थी. फिलहाल राहत और बचाव कार्य जारी है.

### आज का इतिहास

| | |
|---|---|
| 1819 | बंगाल में सेरमपुर कालेज की स्थापना। |
| 1835 | कलकत्ता मेडिकल कॉलेज ने कामकाज शुरू किया। |
| 1869 | थॉमस अल्वा एडिसन को इलेक्ट्रिक वोट रिकॉर्डर के लिए पेटेंट मिला। |
| 1874 | ईस्ट इंडिया कंपनी को भंग किया गया। |
| 1880 | अमेरिका के कनेक्टिकट में पहली पेफोन सर्विस शुरू की गई। |
| 1926 | हॉलीवुड एक्ट्रेस मर्लिन मुनरो का जन्म हुआ। |
| 1955 | अस्पृश्यता -निरोधक- कानून अस्तित्व में आया। |

## विदेश मंत्री कूपर का चीन और भारत दौरा आज से

**लंदन, 31 मई .** ब्रिटेन की विदेश मंत्री यवेट कूपर सोमवार से चीन की तीन दिवसीय आधिकारिक यात्रा पर रवाना होंगी, जिसके बाद वह भारत का दौरा करेंगी. इस दो-देशीय दौरे का मुख्य उद्देश्य हॉर्मुज जलडमरूमध्य, रूस-यूक्रेन युद्ध और अफ्रीका में इबोला के प्रकोप जैसे गंभीर वैश्विक सुरक्षा और आर्थिक सहयोग के मुद्दों पर चर्चा करना है. चीनी विदेश मंत्रालय ने एक बयान जारी कर इस यात्रा की पुष्टि की है. मंत्रालय के प्रवक्ता के अनुसार, 'चीनी कम्युनिस्ट पार्टी की केंद्रीय समिति के राजनीतिक ब्यूरो के सदस्य और विदेश मंत्री वांग यी के निमंत्रण पर, ब्रिटेन की विदेश मंत्री यवेट कूपर एक से तीन जून तक चीन का दौरा करेंगी' .

# चार साल बाद यूपी को मिला स्थायी डीजीपी

- कार्यवाहक से उत्तर प्रदेश के डीजीपी बने राजीव कृष्णा
- योगी सरकार ने लगाई मुहर, बने पूर्णकालिक प्रमुख

**लखनऊ, 31 मई. उत्तर प्रदेश सरकार ने राज्य पुलिस के सर्वोच्च पद पर स्थायी नियुक्ति करते हुए वरिष्ठ आईपीएस अधिकारी राजीव कृष्णा को नया पुलिस महानिदेशक नियुक्त किया है. इसके साथ ही प्रदेश को करीब चार वर्षों बाद पूर्णकालिक डीजीपी मिला है. नियुक्ति संबंधी आदेश रविवार को जारी किया गया।**

1991 बैच के आईपीएस



अधिकारी राजीव कृष्णा जून 2025 से कार्यवाहक डीजीपी के रूप में कार्य कर रहे थे. अब उन्हें स्थायी रूप से इस पद की जिम्मेदारी सौंपी गई है. उनके पास निदेशक सतर्कता अधिष्ठान का अतिरिक्त प्रभार भी बना रहेगा. स्थायी डीजीपी के चयन के लिए उत्तर प्रदेश सरकार ने संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) के निर्धारित नियमों के तहत प्रक्रिया पूरी की थी। इसके तहत तीन वरिष्ठ आईपीएस अधिकारियों का पैनल तैयार कर भेजा गया था।

**तूफान की आशंका** | भारी बारिश और ऑरेंज अलर्ट के चलते प्रशासन सतर्क

# बीच रास्ते में रोकी गई केदारनाथ यात्रा

**रुद्रप्रयाग ( उत्तराखंड ), 31 मई. उत्तराखंड में लगातार हो रही बारिश और मौसम विभाग द्वारा जारी ऑरेंज अलर्ट के बीच प्रशासन ने केदारनाथ यात्रा को अस्थायी रूप से रोकने का फैसला लिया है. अधिकारियों के मुताबिक आगामी घंटों में भारी बारिश, तेज हवाओं और तूफान की आशंका जताई गई है, जिसके चलते यात्रियों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए यह कदम उठाया गया है.**

रुद्रप्रयाग जिले के पर्वतीय इलाकों में लगातार वर्षा होने से यात्रा मार्गों पर जोखिम बढ़




गया है. ऐसे में केदारनाथ धाम की ओर जा रहे श्रद्धालुओं को विभिन्न पड़ावों, होल्डिंग एरिया और सुरक्षित स्थानों पर रोककर रखा गया है. पैदल यात्रा मार्ग पर मौजूद यात्रियों को भी नजदीकी सुरक्षित क्षेत्रों में पहुंचाया गया है ताकि किसी संभावित दुर्घटना से बचा जा सके. प्रशासन ने श्रीनगर क्षेत्र में केदारनाथ धाम की ओर जाने वाले वाहनों की आवाजाही पर भी फिलहाल रोक लगा दी है.

**चारधाम यात्रा व्यवस्थाओं पर प्रशासन की पैनी नजर**

**हरिद्वार, 31 मई.** उत्तराखंड में चारधाम यात्रा के चरम पर पहुंचने के साथ ही हरिद्वार में श्रद्धालुओं की बढ़ती संख्या को देखते हुए जिला प्रशासन ने व्यवस्थाओं की निगरानी तेज कर दी है. जिलाधिकारी मयूर दीक्षित ने रविवार को हरकी पैड़ी पहुंचकर यात्रा व्यवस्थाओं का स्थलीय निरीक्षण किया, जबकि उप जिलाधिकारी मुख्यालय एवं नगर मजिस्ट्रेट हर गिरी ने चारधाम पंजीकरण केंद्र का औचक निरीक्षण कर वहां उपलब्ध सुविधाओं का जायजा लिया.

# 500 मीटर खाई में गिरी कार, 8 लोगों की मौत

- बर्फीले रास्ते पर काल बन गई फिसलन
- हिमाचल में चंबा के दुर्गम इलाके में मौत का सफर

**चंबा 31 मई.** हिमाचल प्रदेश के चंबा जिले में शुक्रवार देर रात एक भीषण सड़क हादसे में आठ लोगों की जान चली गई. यह हादसा चुराह उपमंडल के अंतर्गत बैरगढ़-सच पास-किलर मार्ग पर हुआ, जहां एक कार लगभग 500 मीटर गहरी खाई में गिर गई.

हादसे के समय वाहन सच पास की ओर जा रहा था, जो अपने दुर्गम रास्तों, खतरनाक मोड़ों और बर्फीले मार्गों के लिए जाना जाता है. प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, रात के समय इलाके में दृश्यता बेहद कम थी और सड़क पर फिसलन भी अधिक थी. इसी दौरान चालक वाहन से नियंत्रण खो बैठा और कार सीधे गहरी खाई में जा गिरी. दुर्घटना इतनी भीषण थी कि वाहन के परखच्चे उड़ गए और उसमें सवार सभी लोगों की मौत हो गई. घटना की जानकारी तत्काल नहीं मिल सकी. शनिवार दोपहर कुछ ग्रामीणों ने सड़क के नीचे दुर्घटनाग्रस्त वाहन को देखा और इसकी सूचना प्रशासन को दी. सूचना मिलते ही पुलिस, प्रशासन और राज्य आपदा प्रतिक्रिया बल की टीमें मौके पर पहुंचीं.